अच्छी बारिश की कामना के साथ ग्रामीणों ने की बाग रसोई



लेबड़@पत्रिका. समीप नेकपुर ग्राम में पर्याप्त वर्षा नहीं होने के कारण चिंतित ग्रामवासियों ने अच्छी वर्षा की कामना को लेकर पारंपरिक बाग रसोई का आयोजन किया। यह आयोजन ग्रामीणों द्वारा अपने-अपने खेतों में अलग-अलग स्थानों पर किया गया, जिसमें सभी ने मिलकर सहभागिता निभाई। इसअवसर पर ग्रामवासियों ने अपने हाथों से दाल-बाटी-चूरमा जैसे पारंपरिक व्यंजन तैयार किए। भोजन के उपरांत, उन्होंने इंद्र की विधि-विधान से पूजा-अर्चना की और पूरे क्षेत्र में समय पर अच्छी वर्षा होने की प्रार्थना की। साथ ही, उन्होंने किसानों की सुख-समृद्धि और आने वाली फसल की खुशहाली की भी कामना की। ग्रामीणों ने प्रकृति के प्रति अपनी गहरी आस्था व्यक्त करते हुए यह संदेश दिया कि वे सामूहिक प्रयासों से हर चुनौती का सामना करने को तैयार हैं। बाग रसोई के इस आयोजन में रामेश्वर पटेल, शुभम, सुभाष शर्मा, नरेंद्र, रितिक, लाखन, मोहन पटेल, कल्याण सिंह, रीतेश सहित ग्राम के समस्त युवा एवं अन्य ग्रामवासी उपस्थित थे।

काकड़ पूजा कर अच्छी बारिश के लिए भगवान से प्रार्थना की



दूधी@पत्रिका. वर्षा की लंबी खेंच के चलते किसानों के साथ ही आम जनता भी परेशान हैं। रूठे इंद्र देव को मनाने के लिए विभिन्न प्रकार के जतन ग्रामीणों द्वारा किए जा रहे हैं। इसी क्रम में दूधी में भी माता (कढ़ाई) पूसादी के बाद गत दिवस काकड़ पूजन किया गया। इसमें ग्राम की महिलाएं, पुरुष तथा बच्चे इकट्ठा होकर खेड़ापति हनुमान मंदिर से श्रीराम मंदिर तक पैदल धार्मिक यात्रा निकाली। इसके बाद काकड़ पर पहुंचे। जहां ग्राम पटेल ने सपत्नीक पूजा-अर्चना कर अच्छी वर्षा की प्रार्थना की। श्रीराम मंदिर में महाआरती कर प्रसादी वितरण कर इंद्र देव से पुनः गुहार लगाई।

भगवान कृष्ण के चरित्र से मित्रता व पर्यावरण रक्षा का दिया संदेश

सात दिवसीय भागवत कथा संपन्न



धार@पत्रिका. नगर के गंजी खाना जेल रोड पर आयोजित सात दिवसीय संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा का मंगलवार को समापन किया गया। कथावाचक दीपक ने भागवत कथा का वाचन करते हुए बताया कि वर्तमान समय में कृष्ण के सिद्धांत और आदर्शों से जीवन के हर क्षेत्र में सफलता सरलता पूर्वक प्राप्त की जा सकती हैं। उन्होंने कहा कि कृष्ण स्वयं ईश्वर होते हुए भी जब धरती पर अत्याचार बढ़ता है, तो अवतार लेकर धर्म की रक्षा के लिए आते हैं। वर्तमान समय में धर्म रक्षा से बड़ा कोई कार्य नहीं है, क्योंकि धर्म से ही अपराध पर लगाम लगाना संभव हैं।

कथा समापन पर शोभायात्रा निकाली गई: कथावाचक ने भारत भूमि में धर्म के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यहां के लोग कृष्ण की भक्ति से प्रभावित हैं और दयावान हैं। उन्होंने कृष्ण-सुदामा चरित्र का उदाहरण देते हुए बताया कि कृष्ण ने अपने गरीब मित्र सुदामा की हर संभव सहायता की, पर उसका प्रदर्शन नहीं किया। यह सच्ची मित्रता का उदाहरण है। आज की युवा पीढ़ी को कृष्ण के चरित्र से सच्ची मित्रता की प्रेरणा लेनी चाहिए। सच्ची मित्रता केवल फोन, फेसबुक और मोबाइल तक सीमित नहीं रहती, बल्कि समय आने पर मित्र की रक्षा के लिए तत्पर रहना ही सच्ची मित्रता है। कथा समापन पर शोभायात्रा निकाली गई और हवन की पूर्णाहुति कर उत्तम वर्षा की प्रार्थना की गई। कथावाचक ने यह भी बताया कि पौधे लगाना और उनकी रक्षा करना भी आवश्यक है। उन्होंने कहा कि केवल पूजन पाठ करने से ही वर्षा नहीं होती, बल्कि पौधों को हमारे शास्त्र में भगवान का अवतार मानकर उनकी रक्षा करना भी उतना ही आवश्यक है।

संगीतमय सुंदरकांड का किया आयोजन,भजनों की प्रस्तुति दी

घाटाबिल्लोद@पत्रिका. विश्व मंगल मानस मंडल द्वारा रामनगर में संगीतमय सुंदरकांड का पाठ किया गया। यह आयोजन देर रात तक चला, जिसमें भक्तों की भीड़ उमड़ी। भजन गायक दौलत चौहान, सोहन चौहान और रीतेश सोलंकी ने एक से बढ़कर एक मधुर भजनों की धुन पर सुंदरकांड पाठ की चौपाइयों की प्रस्तुतियां दीं। इन्हें सुनकर भक्त भावविभोर हो गए। ढोलक वादक दक्ष पाटीदार, बैंजो वादक सौरभ शर्मा और ऑक्टोपैड वादक कृष्णा पवार ने संगीत में संगत दी। आयोजक अर्जुन प्रजापत ने सभी सदस्यों का स्वागत किया। आयोजन के बाद सभी श्रद्धालुओं के लिए स्वल्पाहार की व्यवस्था भी की गई थी। पूजा पंडित प्रवीण त्रिवेदी ने पाठ संपन्न कराई। जानकारी मीडिया प्रमुख राजू सोलंकी ने दी।

पत्रिका फेसबुक पेज visit, like and share
जुड़ें, पढ़ें और आगे बढ़ें हर खबर से आपको रखे अपडेट facebook.com/indore.patrika

सांदीपनि स्कूल में तीन घंटे तक हुआ हंगामा, पुलिस ने पहुंचकर मोर्चा संभाला

9वीं के विद्यार्थियों को नहीं मिली पाठ्यपुस्तकें, विद्यार्थी परिषद ने किया प्रदर्शन



पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

कुक्षी. नगर के बाग रोड स्थित शासकीय सांदीपनि विद्यालय में कक्षा नौवीं के 25 छात्रों को पाठ्य-पुस्तकें उपलब्ध नहीं होने पर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) के कार्यकर्ताओं ने बुधवार को विद्यालय पहुंचकर धरना-प्रदर्शन किया। छात्रों की मौजूदगी में यह प्रदर्शन तीन घंटे तक चला, जिससे विद्यालय परिसर में हंगामे की स्थिति बनी रही। विद्यार्थी परिषद के पदाधिकारियों ने प्राचार्य को छात्रों को हो रही अन्य परेशानियों से भी अवगत कराया। एबीवीपी नगर इकाई के अध्यक्ष वासुदेव यादव और जयस सामाजिक कार्यकर्ता कान्हा कन्नौज ने आरोप लगाया कि विद्यालय में केवल पुस्तकों का अभाव ही नहीं है, बल्कि पी-प्राइमरी के छोटे बच्चों से बर्तन भी धुलवाए जाते हैं। उन्होंने विद्यालय में सफाई की कमी, पीने के पानी की समस्या और शिक्षकों द्वारा छात्रों के साथ अभद्र व्यवहार किए जाने की बात भी कही। छात्र संगठन ने इन सभी मामलों की निष्पक्ष जांच कर कार्रवाई की मांग की है।

जितनी आई थी बांट दी

विद्यालय के प्रायार्य हरिनारायण नारोलिया ने बताया कि छात्रों को बांटने के लिए जितनी पुस्तकें आई थीं, वे वितरित करवा दी गई हैं। जिन छात्रों को पुस्तकें नहीं मिली हैं, उन्हें भी जल्द ही उपलब्ध करा दी जाएगी। उन्होंने संगठन की अन्य शिकायतों की निष्पक्ष जांच करने का निर्णय किया। प्रायार्य ने कहा कि यदि जांच में किसी कर्मचारी या शिक्षक की लापरवाही सामने आती है, तो नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

छात्र नेताओं- शिक्षकों के बीच हुई बहस

धरने के दौरान छात्र नेताओं और शिक्षकों के बीच काफी देर तक बहस होती रही। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी दीपक सिंह चौहान पुलिस बल के साथ विद्यालय पहुंचे। उन्होंने छात्र संगठन के पदाधिकारियों और विद्यालय प्रबंधन से अलग-अलग बात कर माहौल शांत किया और सभी पक्षों को अपनी बात रखने का अवसर दिया। छात्र संगठन ने स्पष्ट किया है कि यदि शिकायतों का शीघ्र निराकरण नहीं हुआ, तो आंदोलन को और व्यापक किया जाएगा। उनका कहना है कि छात्रों के हितों से जुड़े मुद्दों पर कोई समझौता नहीं किया जाएगा।

सिंहस्थ महाकुंभ-2028 की तैयारियों को लेकर बजट का प्रावधान

112 करोड़ के फ्लाईओवर-फोरलेन की सौगात, यातायात होगा सुगम

पत्रिका डेवलपमेंट ड्राइव

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

बदनावर. सिंहस्थ महाकुंभ-2028 की तैयारियों के बीच प्रदेश सरकार ने नगर को विकास की दो सौगातें दी हैं। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने वर्ष 2026-27 के अनुपूरक बजट में नगर की दो बहुप्रतीक्षित परियोजनाओं के लिए 112 करोड़ रुपए का वित्तीय प्रावधान किया है। इसके तहत एमपीआरडीसी द्वारा बड़ी चौपाटी पर 60 करोड़ रुपए की लागत से फ्लाईओवर एवं दोनों ओर सर्विस रोड तथा ग्राम पिटारा से राष्ट्रीय राजमार्ग-752 डी फोरलेन तक 5 किलोमीटर आधुनिक सड़क निर्माण के लिए 52 करोड़ रुपए शामिल हैं। इन दोनों परियोजनाओं से सिंहस्थ के दौरान यातायात व्यवस्था बेहतर होने के साथ नगर के ऑद्योगिक, व्यापारिक और कृषि क्षेत्र को भी नई गति मिलने की उम्मीद है।

अनुपूरक बजट में शामिल किया गया

नगर परिषद अध्यक्ष मीना शेखर यादव ने गत दिसंबर में मुख्यमंत्री के नगर प्रवास के दौरान इन परियोजनाओं की मांग रखी थी। मुख्यमंत्री के निर्देश के बाद मंगलवार को आयोजित बैठक में इन्हें अनुपूरक बजट में शामिल किया गया। केंद्रीय राज्य मंत्री सावित्री ठाकुर, भाजपा जिलाध्यक्ष नीलेश भारती, राजवर्धनसिंह दत्तीगांव सहित किसानों, व्यापारियों और क्षेत्रवासियों ने इस निर्णय का स्वागत किया और मुख्यमंत्री का आभार माना। महाराणा प्रताप चौक स्थित बड़ी चौपाटी पिछले कई वर्षों से नगर की सबसे बड़ी यातायात समस्या बनी हुई है। इस मार्ग से प्रतिदिन हजारों छोटे-बड़े वाहन गुजरते हैं, जिससे जाम और दुर्घटनाएं आम हो गई हैं। इस चौराहे को ब्लैक स्पॉट के रूप में भी चिन्हित किया गया है। फ्लाईओवर बनने के बाद लंबी दूरी के वाहन ऊपर से गुजरेंगे, जबकि स्थानीय यातायात के लिए दोनों ओर सर्विस रोड बनाई जाएंगी। इससे यातायात सुचारु होने के साथ दुर्घटनाओं में भी कमी आने की उम्मीद है।



अब प्रशासनिक स्वीकृतियां शेष

नगर परिषद अध्यक्ष मीना शेखर यादव ने बताया कि बदनावर की दो सड़क परियोजनाओं को बजट में स्थान मिला है। सड़क परियोजना की 51.58 करोड़ रुपए की डीपीआर पहले ही तैयार हो चुकी थी। यह प्रस्ताव मुख्यमंत्री मॉनिटरिंग की ए-प्लस श्रेणी में शामिल था। बजट दस्तावेज में दोनों परियोजनाओं को योजना क्रमांक-6841 के अंतर्गत अपरिहित मद में शामिल किया गया है। इसका अर्थ है कि सरकार ने इनके लिए बजट में राशि का प्रावधान किया है। अंतिम प्रशासनिक एवं तकनीकी स्वीकृतियां मिलना अभी शेष है। स्वीकृतियों के बाद टेंडर जारी कर निर्माण कार्य प्रारंभ किया जाएगा।

व्यापार, उद्योग, किसानों को सीधा लाभ

व्यापार, उद्योग और किसानों को सीधा लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से महत्वपूर्ण सड़क परियोजनाओं को मंजूरी मिली है। बड़ी चौपाटी से गुजरने वाला मार्ग गुजरात, महाराष्ट्र राजस्थान, दिल्ली और मुंबई सहितकईराज्यों को जोड़ता है। इस क्षेत्र में कृषि उपज मंडी, सब्जी मंडी, प्रमुख व्यापारिक बाजार, पंचबड़े पीपल मित्रमेगा टेक्सटाइलपार्कस्थित है। यहां फ्लाईओवर बनने से माल परिवहन आसान होगा, उद्योगों को बेहतर कनेक्टिविटी मिलेगी और किसानों की उपज समय पर मंडियों तक पहुंच सकेगी। इसी तरह, 52 करोड़ की लागत से ग्राम पिटारा से राष्ट्रीय राजमार्ग-752डी तक 5 किलोमीटर लंबा आरसीसी फोरलेन मार्ग बनाया जाएगा। इससे दोनों ओर गुजरात और आसपास के क्षेत्रों की ओर आवागमन अधिक सुगम होगा।

स्थानीय यातायात के लिए दोनों ओर सर्विस रोड बनाई जाएगी। इससे यातायात सुचारु होने के साथ दुर्घटनाओं में भी कमी आने की उम्मीद है।

भोपावर तीर्थ मार्ग पर 2 फीट गहरा गड्ढा, हादसे का खतरा



वाहन चालक परेशान, पीडब्ल्यूडी की लापरवाही

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

रिंगनोद@पत्रिका. नगर में पुरानी थाना चौकी के सामने स्थित प्राचीन जैन तीर्थ भोपावर को जोड़ने वाले मुख्य मार्ग पर लगभग 2 फीट गहरा गड्ढा बन गया है। इससे वाहन चालकों को भारी परेशानी हो रही है। गड्ढे से कारों का निचला हिस्सा घिस रहा है, वहीं बाइक सवारों के लिए भी यह जोखिम भरा है। पीडब्ल्यूडी और निर्माण एजेंसी इस ओर ध्यान नहीं दे रही है। यह मार्ग भोपावर जैन तीर्थ, इंदौर, सरदारपुर तहसील व आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों के लिए प्रमुख आवागमन का रास्ता है। प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु व वाहन चालक इसी मार्ग से गुजरते हैं, जिन्हें गहरे गड्ढे से परेशानी हो रही है।

सड़क की तत्काल मरम्मत की मांग: बड़ौदा के निवासी अंकित जैन ने बताया कि गड्ढे के कारण वाहन निकालना मुश्किल है। चालक सवार नाना सिंह ने कहा कि बारिश में गड्ढों की गहराई का अंदाजा नहीं लगाया जा सकता, जिससे दुर्घटना की आशंका बढ़ती है। स्थानीय नागरिक कन्हैया लाल कर्मा, राजू डामर, शब्बीर भाई ने पीडब्ल्यूडी व निर्माण एजेंसी से तत्काल मरम्मत कर सड़क सुरक्षित बनाने की मांग की है, ताकि श्रद्धालुओं और आम नागरिकों को राहत मिल सके। पीडब्ल्यूडी एसडीओ एल एन राठौर ने बताया कि जल्द ही गड्ढे की मरम्मत करवाई जाएगी।

मां रेवा घाट निर्माण के लिए ग्राम वायल में 6.11 लाख का दान संग्रह



दो दिवसीय दान संग्रह कार्यक्रम आयोजित किया

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

मनावर. मां रेवा घाट निर्माण के लिए जनसहयोग अभियान के तहत ग्राम वायल में दो दिवसीय दान संग्रह कार्यक्रम आयोजित किया गया। 20 और 21 जुलाई 2026 को समिति के सक्रिय कार्यकर्ताओं और दान संग्रहण सदस्यों ने घर-घर जाकर ग्रामीणों से संपर्क किया। इस अभियान का उद्देश्य क्षेत्र में मां रेवा घाट के निर्माण के लिए आवश्यक वित्तीय संसाधन जुटाना था, जो स्थानीय समुदाय के लिए एक महत्वपूर्ण धार्मिक और सांस्कृतिक स्थल बनेगा। इस दौरान ग्रामवासियों ने इस पुण्य कार्य में उत्साहपूर्वक सहयोग किया, जिससे कुल 6,11,000 की दान राशि की घोषणा हुई और वह एकत्रित की गई।

अभियान में बढ़-चढ़कर की सहभागिता

दान संग्रह के दौरान पाटीदार समाज के 93 परिवारों ने 5,46,800 का बड़ा सहयोग दिया। इसके अतिरिक्त, धनगर समाज, भिलाला समाज, सेन समाज, खात्मण समाज, हरिजन समाज और मानकर समाज सहित विभिन्न समाजों के नागरिकों ने भी मिलकर 64,200 का योगदान दिया। विशेष रूप से, ग्राम वायल के कैलाश पटेल ने 51,000 की दान राशि भेंट कर इस अभियान में अपनी सहभागिता सुनिश्चित की। मां रेवा घाट निर्माण समिति ने ग्राम वायल के समस्त दानदाताओं और सहयोगियों का आभार माना है। समिति ने सभी के सहयोग की सराहना करते हुए विश्वास जताया कि ऐसे जनसहयोग से ही यह महत्वाकांक्षी पुण्य कार्य साकार हो पाएगा। यह जानकारी ग्राम पंचायत वायल के उपसरपंच दिनेश पटेल ने दी।

जगन्नाथ रथयात्रा की तैयारियां अंतिम चरण में, 25 को आयोजन

बदनावर@पत्रिका. नगर में 25 जुलाई को आयोजित होने वाली भगवान जगन्नाथ रथयात्रा को लेकर तैयारियां अंतिम चरण में पहुंच गई हैं। बुधवार को रथयात्रा के प्रचार के लिए प्रचार रथ रवाना किया गया। इसे भाजपा नेता प्रजेंद्र भट्ट, जिला उपाध्यक्ष प्रेमचंद परमार, भाजपा नीति एवं शोध विभाग के प्रदेश सदस्य प्रवीण चावला, एन्डरमैन प्रदेश मीतेश शर्मा आदि ने ने केसरिया ध्वज दिखाकर रवाना किया। प्रचार रथ नगर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में भ्रमण कर श्रद्धालुओं को 25 जुलाई की रथयात्रा में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने का आमंत्रण देगा। संस्था अध्यक्ष रुकैया सिंह चौहान ने बताया कि आयोजन की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। गुरुवार से नगरभर में केसरिया ध्वज लगाने का कार्य प्रारंभ किया जाएगा। साथ ही ढोल-नगाड़ों के साथ आमंत्रण यात्रा निकालकर घर-घर निमंत्रण पत्र वितरित किए जाएंगे।

आयोजन को लेकर नगर में धार्मिक उत्साह: उन्होंने बताया कि संस्था के सदस्य और सर्व हिंदू समाज के कार्यकर्ता पूरे नगर में जनसम्पर्क कर गांधीजियों से भगवान जगन्नाथ की भव्य रथयात्रा में सपरिवार शामिल होने का आग्रह करेंगे। इस अवसर पर संस्था श्रृजन अध्यक्ष राकेश सिंह चौहान, अशोक चावड़ा, मनीष शर्मा, पोपा सिंह राठौर, जनपद सदस्य निर्भय सिंह चौहान, आंमा खेल प्रकोष्ठ के मोहित पांचाल, ओम राठौड़, डॉ. गोपाल सिंह ठाकुर, गोपाल पाटीदार, प्रदीप पवार, सचित बाहेती, यश वाडेय, राजू गजबी सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

जाहिर सूचना

सेरी पचबरा द्वारा प्रदत्त जलकरी एवं निर्माणाधीन सार्वजनिक भी एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि **श्री मोहन गिरा** बंसल विहार कॉलोनी, वार्ड नं. 4, धार (म.प्र.), मोबाईल नं. 8787277135, 8103308377 द्वारा अपने स्वामित्व एवं अधिपत्य की सम्पत्ति **प्रकाश नं. 20** (पुराना नं. 13) **क्षेत्र में 15 फीट 16 के उत्तर दिशा का भाग, सादी मोहल्ला, जिला इन्दौर विक्रय का कुल क्रेकबल 747.13 वर्गफीट है।** जिसे **पंजाब नेशनल बैंक** में बंधक करने हेतु प्रस्तावित किया गया है। यह कि, उक्त सम्पत्ति के संबंध में **श्री मन्त्रकाश** द्वारा अपने पुत्र **देवीदास, अशोक एवं जगदीश** के पक्ष में वसीयत निष्पादित की गई थी। उनकी मृत्यु के उपरांत उनके वैधानिक वारिस पुत्र **देवीदास भावसार, अशोक भावसार एवं जगदीश भावसार, श्रीमती मनोरमा एवं श्रीमती जयप्रभा** द्वारा उक्त सम्पत्ति को बंधककर्ता **श्री मोहन गौड़ एवं श्रीमती रेणु गौड़** को विक्रय-पत्र क्रमांक MP17909201 7A1486067 दिनांक 23.08.2017 से विक्रय किया गया है। यह कि, उक्त सम्पत्ति से संबंधित किसी व्यक्ति, संगठन, बैंक, वित्तीय संस्था अथवा अन्य किसी का कब, दान, गिरवी, बंधक, मॉर्गेज, डिक्री/विक्रय हेतु अन्यथा लेख या अन्य किसी प्रकार की आपत्ति आदि का भार हो या उक्त संपत्ति को लेकर के अतिरिक्त अन्य कोई विवाद में अदालत में लंबित हो, तो वह इस प्रकाशन दिनांक से 07 दिवस के अंदर मय लिखित दस्तावेजी प्रमाण के से कार्यालय में दी जाकर प्रस्तुत करें। उपरान्त्रांत पश्चात् किसी भी प्रकार की आपत्ति मान्य नहीं होगी।**

शारदा प्रसाद खरे (एडवोकेट)
7/6, सिविल लाइन, जी. सांघियानंद मार्केट के पीछे, इन्दौर मोबाइल: 98931-29677, 91796-31777

Bank of India
बैंकों की उम्मीदों की दूरदर्शी सुरक्षा/Beyond banking

आंशिक कार्यालय - स्टार हाउस, प्लॉट नं. 58 और 59, बंसल विहार कॉलोनी, वार्ड नं. 4, धार (म.प्र.), मोबाईल नं. 8787277135, 8103308377

ई-नीलामी बिक्री 25.08.2026

बैंक द्वारा वहान गुरिबंधक अनुबंध के अंतर्गत धन संपत्ति की नीलामी प्रतिभूतिया अनुबंध के तहत वाहन गुरक्षित बैंक कब्जे में है। आम लोगों को तथा विशेष रूप से उधार लेने वाले और प्रत्याभूति - दाता को यह नोटिस दिया जाता है कि नीचे वर्णित वाहन जो की बैंक के पास प्रतिभूतिया या उसका कब्जा **बैंक ऑफ इंडिया** की प्राधिकृत एजेंसी द्वारा ले लिया गया है एवं वाहन को "**जहां है, जैसा है और जो कुछ भी है**" के आधार पर उधारकर्ता और उपगतकर्ता से बैंक की बकाया **राशि** की वसूली हेतु बेचा जाएगा पूर्ण विवरण निम्नानुसार है-

अंतिम तिथि EMD/Document करने के लिए 25.08.2026 समय: 11.00 बजे से सायं 4.00 बजे तक

क्रं.	शाखा का नाम/ मोबाइल नम्बर	शाखा का नाम/ मोबाइल नम्बर	आरक्षित धन राशि/ अंकित धनराशि दृष्टिगत उपगति	वाहन का विवरण
1.	जोबट 7979869947	आशाराम बिलवाल पुत्र भंगर सिंह बिलवाल खाता संख्या: 884577710000235	रु. 3,14,000.00 रु. 32,000.00 रु. 5,000.00	Tractor Sonalika Model DI42 RX (2018) Bs3, RC No. MP69 A 2240 Chassis No.: CZYSG79936483 Engine No.: 3182FLUB3K78053AF19
2.	राजोद 7007882503	भीमसी सदकाला देवासी पत्नी मनोज देवासी खाता संख्या: 884860510000027	रु. 1,87,000.00 रु. 19,000.00 रु. 5,000.00	Renault KWID RXT 1.0 (2018) BSVI RC no. MP09CY9419 Chassis No. MEEBBA00B14587356 Engine No.- B4DA004E124618
3.	बदनावर 9098622446	रानी पत्नी सतीश सेन खाता संख्या: 980472310000009	रु. 1,62,000.00 रु. 17,000.00 रु. 5,000.00	Atul Auto Model ATULSMRT XD Goods Carrier (2022) RC No. MP11LA2542 Chassis No. MCG6GRNKCLG2207151 Engine No. A2F1538742
4.	जोबट 7979869947	अमारा वास्केल पुत्र डालू वास्केल खाता संख्या: 884577710000220	रु. 1,79,000.00 रु. 18,000.00 रु. 5,000.00	Tractor- New Holand Model 3230NX Reg No. MP45AC0526 Chasis No.: NHN323002HK404474 Engine No.: S325J07558

उपयुक्त परिसंपत्तियों की ई -नीलामी बिक्री के लिए इस सार्वजनिक सूचना को अतिरिक्त, बैंक ऑफ इंडिया एक सरीदियों को खरीदने के लिए बोलत ऑनलाइन मोड में प्रस्ताव आमंत्रित करता है।

नियम एवं शर्तें : 1. ई–नीलामी जहां है जैसा है के आधार पर, जो कुछ भी है वैसा ही आधार पर, जो कुछ भी है और बिना किसी सहारा के आधार पर आयोजित की जा रही है, और ऑनलाइन आयोजित की जाएगी, ई–नीलामी बैंक ऑफ इंडिया द्वारा अनुमोदित ई–नीलामी सेवा प्रदाता के माध्यम से आयोजित की जाएगी जैसा कि नीचे उल्लेख किया गया है 2. इच्छुक बोलीदाताओं को अपना नाम पोर्टल **https://bankeauctions.com** पर पंजीकृत करना चाहिए और अपनी उपयोगकर्ता आईडी और पासवर्ड प्राप्त करना चाहिए, भावी बोलीदाता बैंक से सम्पदा प्राप्त तथा प्रयास, सेवा प्रदाता **M/s PSB Alliance** से ई–नीलामी पर ऑनलाइन प्रशिक्षण प्राप्त कर सकते हैं। बैंक पोर्टल द्वारा आयोजित किया जाएगा: **https://baanknet.com** ऑनलाइन नीलामी बिक्री नियम उपलब्ध, ऑनलाइन ई–नीलामी विक्रिया फॉर्म, घोषणा फॉर्म, नियम और शर्तें वेबसाइट पर उपलब्ध हैं। इच्छुक बिक्री के नियमों और शर्तों के विवरण के लिए बैंक ऑफ इंडिया सुरक्षित ऋणदाता की वेबसाइट यानी **www.bankofindia.co.in** और **https://baanknet.com** (वेबसाइट विवरण) पर जाएं। यह प्रकाशन ऋणी को 7 दिवसीय सूचना भी है। **संपर्क उपरोक्त शाखा के साथ मोबाइल न, पर संपर्क करें** या प्रवेश एजेंसी, बैंक ऑफ इंडिया, आंचलिक कार्यालय धार।

वाहन निरीक्षण दिनांक एवं समय : 24.08.2026 तक (पूर्व में लिए गए समय अनुसार)

स्थान : धार, दिनांक : 23.07.2026 प्राधिकृत अधिकारी, बैंक ऑफ इंडिया, धार

अन्नदाता परेशान

किसान संघ 3 अगस्त से करेगा अनिश्चितकालीन धरना-प्रदर्शन

सिंचाई परियोजना से प्रभावित समस्याओं का हल नहीं होने से आक्रोश

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

डही. क्षेत्र के किसानों की समस्याओं का प्रशासन द्वारा समय पर निराकरण नहीं किए जाने से भारतीय किसान संघ ने 3 अगस्त, 2026 से अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन की चेतावनी दी है। यह धरना तहसील कार्यालय परिसर में होगा और किसानों की सभी मांगों का लिखित व संतोषजनक निराकरण होने तक जारी रहेगा। भारतीय किसान संघ के तहसील अध्यक्ष भारत धनाजी लटेछा ने बताया कि 20 जुलाई सोमवार को उप धान मंडी परिसर में हुई बैठक में यह निर्णय लिया गया। उन्होंने कानून-व्यवस्था व सुरक्षा व्यवस्था के लिए कलेक्टर के नाम संबोधित एक ज्ञापन तहसीलदार को सौंपा। संघ के अनुसार, डही माइक्रो उद्वहन सिंचाई परियोजना के तहत 132 के.वी. विद्युत प्रसारण लाइन निर्माण से तहसील के कई गांवों में किसानों की निजी कृषि भूमि पर टावर लगाए गए, फसलें नष्ट हुईं और भूमि की स्थायी क्षति पहुंची।



मुआवजा नीति का पालन नहीं

शासन की मुआवजा नीति का पालन नहीं हुआ। पिछले सात माह में किसानों ने तहसीलदार, अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व), कुक्षी, एनवीडीए सहित संबंधित अधिकारियों को 25 से अधिक आवेदन व ज्ञापन दिए, परंतु प्रशासन ने केवल आश्वासन दिए, जिससे किसानों में भारी असंतोष है। इससे पूर्व संघ ने 22 जून को भी धरने की सूचना दी थी। 27 जून को तहसीलदार को सौंपा। इसके बाद भी कोई कार्रवाई नहीं हुई। मालवा प्रांत के उपाध्यक्ष दयाराम पाटीदार, जिला सदस्य सुरेश पाटीदार, अध्यक्ष सुनील भूरिया, उपाध्यक्ष कुमावत, सचिव बाबूलाल लाखा, सहमंत्री महेश बघेल सहित अन्य किसान बैठक में मौजूद थे।